**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक–30.09.2025 (संध्या–1900 बजे)**

**मुख्य समाचार**

1. **राज्यभर में दुर्गोत्सव का उल्लास, पूजा पंडालों में दर्शन के लिए उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़, सुरक्षा के कड़े प्रबंध।**
2. **आईएएस अविनाश कुमार राज्य के नये मुख्य सचिव बनाये गए, अजय कुमार सिंह विकास आयुक्त बने, झारखंड सरकार ने जारी की अधिसूचना ।**
3. **पश्चिमी सिंहभूम के सारंडा को वन्य जीव अभयारण्य के रूप में विकसित करने की पहल, मंत्री समूह ने आज क्षेत्र का किया दौरा, स्थानीय लोगों से किया विमर्श।**
4. **युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय ने वर्ष 2025 के खेल पुरस्कारों के लिए आमंत्रित किए आवेदन।**
5. **और मौसम विभाग ने राज्य में अगले दो दिन गर्जन के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश की जताई प्रबल संभावना।**

*******************

राज्यभर में दुर्गोत्सव पूरी भक्ति और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। राजधानी रांची समेत विभिन्न जिलों में भव्य पूजा पंडालों में माता दुर्गा के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड उमड़ रही है। जिसे देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए हैं। गढ़वा जिले में दुर्गा पूजा को लेकर प्रशासन पूरी तरह से सतर्क है. जिले के सभी पूजा पंडालों में भीड़ के नियंत्रण और सुरक्षा को लेकर पुलिस बल तैनात किये गये हैं।

*******************

राजधानी रांची के शहरी क्षेत्र के साथ–साथ ग्रामीण इलाकों में भी दुर्गा पूजा के दौरान विशेष सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं। जिले के ग्रामीण एसपी प्रवीण पुष्कर के नेतृत्व में लगातार ग्रामीण इलाकों में फ्लैग मार्च किया जा रहा हैं। उन्होंने बताया कि सभी पंडालों में पुलिस बल की व्यवस्था की गई है ।

*******************

आईएएस अविनाश कुमार को झारखंड का मुख्य सचिव बनाया गया है। इसके साथ ही उन्हें कई पदों का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। अजय कुमार सिंह को विकास आयुक्त बनाया गया है। इस संबंध में झारखंड सरकार ने अधिूसचना जारी की है। अविनाश कुमार अगले आदेश तक अपने कार्यों के साथ मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव, झारखंड और मुख्य स्थानिक आयुक्त के भी अतिरिक्त प्रभार में रहेंगे।

*******************

पश्चिमी सिंहभूम जिले के सारंडा वन क्षेत्र के विकास और वन्य प्राणी अभयारण्य विकसित करने को लेकर कैबिनेट द्वारा गठित मंत्री समूह ने क्षेत्र का दौरा किया। पांच मंत्रियों के दल में मंत्री राधाकृष्ण किशोर, दीपिका पांडेय सिंह, चमरा लिंडा, संजय प्रसाद और दीपक बिरूवा शामिल हैं। मंत्री दल ने छोटानागरा में आयोजित एक कार्यक्रम में सारंडा के ग्रामीणों के साथ अभ्यारण्य बनाए जाने के विभिन्न पहलुओं पर विमर्श किया। मंत्री समूह अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंपेगा।

*******************

विधायक सरयू राय ने आरोप लगाते हुए कहा है कि सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के बाद भी सांरडा जंगल को अभ्यारण्य घोषित करने के विषय पर राज्य सरकार गंभीर नहीं है। आज रांची में आयोजित प्रेस वार्ता में उन्होंने पर्यावरण और लौह अयस्क खनन के मुद्दे पर भी सरकार को घेरने की कोशिश की।

*******************

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ज़ोर देकर कहा है कि भारतीय सशस्त्र बलों के बीच परस्पर–संचालन क्षमता और एकजुटता आज के समय में सफल संचालन की ज़रूरतें बन गई हैं। नई दिल्ली में आज तीनों सेनाओं की संगोष्ठी को संबोधित करते हुए श्री सिंह ने यह बात कही।

*******************

प्रवर्तन निदेशालय के रांची क्षेत्रीय कार्यालय ने धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत कोलकाता और हावड़ा में 15 करोड़ 41 लाख रुपये से अधिक मूल्य की 10 अचल संपत्तियों को अस्थायी रूप से कुर्क किया है। निदेशालय ने एक बयान में कहा कि कुर्क की गई संपत्तियां बड़े पैमाने पर जीएसटी धोखाधड़ी करने वाले गिरोह के मुख्य साजिशकर्ताओं में से एक अमित गुप्ता और उसके सहयोगियों की हैं।

*******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा घोषित वस्तु और सेवा कर बचत उत्सव 22 सितम्बर को शुरू हुआ और यह समाज के सभी वर्गों को लाभान्वित कर रहा है। अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार भारत की अप्रत्यक्ष कर प्रणाली को सरल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं। ये सुधार विभिन्न वस्तुओं और सेवाओं पर कर की दर कम करके नागरिकों को पर्याप्त लाभ प्रदान कर रहे हैं। एक रिपोर्ट

********************

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय ने वर्ष 2025 के खेल पुरस्कारों के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। इन पुरस्कारों की अधिसूचनाएँ मंत्रालय की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई हैं। पात्र खिलाड़ी, प्रशिक्षक और संस्थाएँ अगले महीने की 28 तारीख तक ऑनलाइन आवेदन जमा करा सकते हैं।

********************

लातेहार जिला पर्यटन विभाग द्वारा पर्यटकों की सुविधा के लिए विशेष गाईड मीटर प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।

********************

गिरिडीह जिले की पुलिस ने बाइक चोर गिरोह का खुलासा किया है। पुलिस अधीक्षक डॉक्टर विमल कुमार ने बताया कि इस मामले में गिरफ्तार तीन आरोपियों की निशानदेही पर चोरी के 6 मोटरसाइकिल बरामद की गई। ये सभी चोर बिहार से चोरी मोटरसाइकिल का रंग बदलकर जाली नंबर प्लेट पर बेचते थे।

********************

मौसम विभाग ने राज्य में अगले दो दिन गर्जन के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश की प्रबल संभावना जताई है। विभाग के अनुसार मौसम में यह परिवर्तन उत्तरी अंडमान के समुद्री क्षेत्र में बने निम्न दबाव के कारण हो रहा है।

**********समाप्त**********